CDS EXAM (II):2017

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : **STS–K–TPT**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

0200105

परीक्षण पुस्तिका

सामान्य ज्ञान

A

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 100

अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

1. 'नीलगिरि पहाड़ों (ब्लू माउन्टेन्स)' में निम्नलिखित में से कौन-सा जनजातीय समूह प्रमुख रूप से पाया जाता है?

(a) लमबाडा

(b) गोंड

(c) जारवा

(d) तोडा

2. इनमें से कौन भूगोलज्ञ 'प्रमुख नगर (प्राइमेट सिटी)' संकल्पना से संबंधित है?

(a) आगस्ट लॉच

(b) मार्क जेफरसन

(c) ग्रिफिथ टेलर

(d) डब्ल्यू० क्रिस्टॉलर

3. निम्नलिखित में से सबसे बड़ा द्वीप कौन-सा है?

(a) बोर्नियो

(b) मेडागास्कर

(c) न्यू गिनी

(d) सुमात्रा

4. भारत के निम्नलिखित व्याघ्र आरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व) को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमबद्ध कीजिए :

1. दुधवा
2. पन्ना
3. पेंच
4. इंद्रावती

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 4, 3, 2, 1

(b) 2, 1, 4, 3

(c) 1, 2, 3, 4

(d) 1, 3, 2, 4

5. निम्नलिखित में से किस प्रोटीन के कारण रेशम के तंतु उजले चमकदार दिखाई देते हैं?

(a) फाइब्रिन

(b) सेरिसिन

(c) कोलैजन

(d) नेक्टीन

6. निम्नलिखित में से किसके संदूषण के कारण ब्लू बेबी सिंड्रोम होता है?

(a) नाइट्राइट (NO_2^-)

(b) सल्फाइट (SO_3^{2-})

(c) नाइट्रेट (NO_3^-)

(d) सल्फेट (SO_4^{2-})

7. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (कोशिका अंगक)	**सूची–II (प्रकार्य)**
A. माइटोकॉन्ड्रिया	1. प्रकाश-संश्लेषण
B. क्लोरोप्लास्ट	2. प्रोटीन संश्लेषण
C. राइबोसोम	3. अंतःकोशिकी पाचन
D. लाइसोसोम	4. ATP निर्माण (समावास)

कूट :

(a)	A	B	C	D
	3	1	2	4
(b)	A	B	C	D
	3	2	1	4
(c)	A	B	C	D
	4	1	2	3
(d)	A	B	C	D
	4	2	1	3

1. Which one of the following tribal groups is dominantly found in the 'Blue Mountains'?

   (a) Lambadas

   (b) Gonds

   (c) Jarawas

   (d) Todas

2. Who among the following geographers is related to 'primate city' concept?

   (a) August Losch

   (b) Mark Jefferson

   (c) Griffith Taylor

   (d) W. Christaller

3. Which one of the following islands is the largest?

   (a) Borneo

   (b) Madagascar

   (c) New Guinea

   (d) Sumatra

4. Arrange the following Tiger Reserves of India from North to South :

   1. Dudhwa
   2. Panna
   3. Pench
   4. Indravati

   Select the correct answer using the code given below.

   (a) 4, 3, 2, 1

   (b) 2, 1, 4, 3

   (c) 1, 2, 3, 4

   (d) 1, 3, 2, 4

5. Which one of the following proteins gives lustrous shiny appearance to silk fibre?

   (a) Fibrin

   (b) Sericin

   (c) Collagen

   (d) Nectin

6. Blue Baby Syndrome is caused by the contamination of

   (a) nitrite (NO_2^-)

   (b) sulphite (SO_3^{2-})

   (c) nitrate (NO_3^-)

   (d) sulphate (SO_4^{2-})

7. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Cell Organelle)	*List–II (Function)*
A. Mitochondria	1. Photosynthesis
B. Chloroplast	2. Protein synthesis
C. Ribosomes	3. Intracellular digestion
D. Lysosomes	4. ATP formation

Code :

(a)	A	B	C	D
	3	1	2	4
(b)	A	B	C	D
	3	2	1	4
(c)	A	B	C	D
	4	1	2	3
(d)	A	B	C	D
	4	2	1	3

8. 21 ऐमीनो अम्लों वाली एक α-शृंखला और 30 ऐमीनो अम्लों वाली एक β-शृंखला से मानव इंसुलिन अणु संघटित होता है। वयस्क मानवों में कितने प्रकार्यक इंसुलिन जीन होते हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

9. मोती (पर्ल) एक मोलस्क के मृदु ऊतकों में उत्पन्न होने वाला एक कठोर पदार्थ है। निम्नलिखित में से कौन-सा मोती का मुख्य घटक है?

(a) कैल्सियम कार्बोनेट

(b) कैल्सियम ऑक्साइड

(c) कैल्सियम नाइट्रेट

(d) कैल्सियम सल्फेट

10. अपने ही वातावरण में एक जैव समुदाय, जैसे तालाब, महासागर, वन, यहाँ तक कि एक जलजीवशाला भी, को क्या कहा जाता है?

(a) जीवोम (बायोम)

(b) समुदाय

(c) अजैव वातावरण

(d) पारिस्थितिक तंत्र

11. विराम से आरंभ करते हुए एक इलेक्ट्रॉन और एक प्रोटॉन को 1000 V के विभवांतर से त्वरित किया गया है। इस संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) दोनों कणों की गतिज ऊर्जा भिन्न होगी।

(b) इलेक्ट्रॉन की गति, प्रोटॉन की गति से तेज होगी।

(c) प्रोटॉन की गति, इलेक्ट्रॉन की गति से तेज होगी।

(d) इलेक्ट्रॉन की गति और प्रोटॉन की गति बराबर होगी।

12. समान लम्बाई l और समान अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल A वाले दो तार बनाए गए। तार 1 ताँबे से बना है और तार 2 ऐलुमिनियम से बना है। यह दिया गया है कि ताँबे की वैद्युत चालकता, ऐलुमिनियम की वैद्युत चालकता से अधिक है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) तार 1 का प्रतिरोध, तार 2 के प्रतिरोध से अधिक होगा।

(b) तार 2 का प्रतिरोध, तार 1 के प्रतिरोध से अधिक होगा।

(c) दोनों ही तारों का प्रतिरोध एकसमान होगा।

(d) यदि दोनों तारों में एकसमान धारा प्रवाहित की जाती है, तो दोनों ही तारों में होने वाला शक्ति-क्षय समान होगा।

13. प्रकाश की एक किरण किसी समतल दर्पण पर सतही अभिलंब के संदर्भ में 40° के कोण पर आपतित है। जब यह किरण दर्पण से परावर्तित होती है, तो इसमें कितना विचलन होता है?

(a) 40°

(b) 100°

(c) 90°

(d) 80°

8. Human insulin molecule is composed of one α-chain having 21 amino acids and one β-chain having 30 amino acids. How many functional insulin genes occur in adult humans?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) Four

9. Pearl is a hard object produced within the soft tissues of a mollusk. Which one of the following is the main constituent of pearl?

(a) Calcium carbonate

(b) Calcium oxide

(c) Calcium nitrate

(d) Calcium sulphate

10. A biological community in its environment such as a pond, an ocean, a forest, even an aquarium is known as

(a) biome

(b) community

(c) abiotic environment

(d) ecosystem

11. An electron and a proton starting from rest are accelerated through a potential difference of 1000 V. Which one of the following statements in this regard is correct?

(a) The kinetic energy of both the particles will be different.

(b) The speed of the electron will be higher than that of the proton.

(c) The speed of the proton will be higher than that of the electron.

(d) The speed of the electron and the proton will be equal.

12. Two wires are made having same length l and area of cross-section A. Wire 1 is made of copper and wire 2 is made of aluminium. It is given that the electrical conductivity of copper is more than that of aluminium. In this context, which one of the following statements is correct?

(a) The resistance of wire 1 will be higher than that of wire 2.

(b) The resistance of wire 2 will be higher than that of wire 1.

(c) The resistance of both the wires will be the same.

(d) If same current is flown through both the wires, the power dissipated in both the wires will be the same.

13. A ray of light is incident on a plane mirror at an angle of 40° with respect to surface normal. When it gets reflected from the mirror, it undergoes a deviation of

(a) 40°

(b) 100°

(c) 90°

(d) 80°

14. अवरक्त, दृश्य और पराबैंगनी विकिरण/प्रकाश के भिन्न गुणधर्म होते हैं। इन विकिरणों/प्रकाश के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) पराबैंगनी विकिरण की तुलना में अवरक्त का तरंगदैर्घ्य अधिक होता है।

(b) दृश्य प्रकाश की तुलना में पराबैंगनी का तरंगदैर्घ्य छोटा होता है।

(c) अवरक्त प्रकाश की तुलना में दृश्य प्रकाश की फोटॉन ऊर्जा अधिक होती है।

(d) दृश्य प्रकाश की तुलना में पराबैंगनी की फोटॉन ऊर्जा कम होती है।

15. कुछ समय प्रयोग में आने के बाद बड़े ट्रांसफॉर्मर गर्म हो जाते हैं। इसका कारण यह/ये तथ्य है/हैं कि

1. धारा, ट्रांसफॉर्मर में ऊष्मा उत्पन्न करती है
2. ट्रांसफॉर्मर में हिस्टेरेसिस हानि होती है
3. शीतलन के लिए प्रयुक्त द्रव गर्म हो जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

16. एक व्यक्ति किसी घर्षणरहित क्षैतिज धरातल पर खड़ा है। इस धरातल पर एक निश्चित दूरी तक वह कैसे आगे बढ़ सकता है?

(a) छींककर

(b) कूदकर

(c) दौड़कर

(d) लुढ़ककर

17. हाइड्रोजन सल्फेट आयन और जल के बीच अभिक्रिया

$$HSO_4^- + H_2O \rightarrow H_3O^+ + SO_4^{2-}$$

में, जल किस तरह कार्य करता है?

(a) एक अम्ल के रूप में

(b) एक क्षार के रूप में

(c) एक लवण के रूप में

(d) एक अक्रिय माध्यम के रूप में

18. ग्लूकोज़ ($C_6H_{12}O_6$) के 1·50 g में कितने हाइड्रोजन परमाणु होते हैं?

(a) $3{\cdot}01 \times 10^{22}$ *(b)* $1{\cdot}20 \times 10^{23}$

(c) $2{\cdot}40 \times 10^{23}$ *(d)* $6{\cdot}02 \times 10^{22}$

19. एक टूटी हुई अस्थि को सही स्थान पर जमाकर रखने के लिए एक सफेद पदार्थ का पानी में मिलाकर बनाया गया पेस्ट प्रयुक्त किया जाता है। इस सफेद पदार्थ को क्या कहते हैं?

(a) विरंजक चूर्ण

(b) प्लास्टर ऑफ पेरिस

(c) जिंक ऑक्साइड का चूर्ण

(d) चूने का चूरा

20. प्रकाशिक यंत्र बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार का काँच प्रयुक्त होता है?

(a) पाइरेक्स काँच

(b) मृदु काँच

(c) दुर्गलनीय काँच

(d) फ्लिंट काँच

14. Infrared, visible and ultraviolet radiations/ light have different properties. Which one of the following statements related to these radiations/light is ***not*** correct?

(a) The wavelength of infrared is more than that of ultraviolet radiation.

(b) The wavelength of ultraviolet is smaller than that of visible light.

(c) The photon energy of visible light is more than that of infrared light.

(d) The photon energy of ultraviolet is lesser than that of visible light.

15. After using for some time, big transformers get heated up. This is due to the fact that

1. current produces heat in the transformers
2. hysteresis loss occurs in the transformers
3. liquid used for cooling gets heated

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

16. A person is standing on a frictionless horizontal ground. How can he move by a certain distance on this ground?

(a) By sneezing

(b) By jumping

(c) By running

(d) By rolling

17. In the reaction between hydrogen sulphate ion and water

$$HSO_4^- + H_2O \rightarrow H_3O^+ + SO_4^{2-}$$

the water acts as

(a) an acid

(b) a base

(c) a salt

(d) an inert medium

18. How many hydrogen atoms are contained in 1·50 g of glucose ($C_6H_{12}O_6$)?

(a) $3{\cdot}01 \times 10^{22}$ *(b)* $1{\cdot}20 \times 10^{23}$

(c) $2{\cdot}40 \times 10^{23}$ *(d)* $6{\cdot}02 \times 10^{22}$

19. The paste of a white material in water is used to maintain a fractured bone fixed in place. The white material used is called

(a) bleaching powder

(b) plaster of Paris

(c) powder of zinc oxide

(d) lime powder

20. Which one of the following types of glasses is used for making optical instruments?

(a) Pyrex glass

(b) Soft glass

(c) Hard glass

(d) Flint glass

21. अधिकांश ओज़ोन गैस (लगभग 90%) किस वायुमंडलीय परत में स्थित है?

(a) आयनमंडल

(b) क्षोभमंडल

(c) समतापमंडल

(d) मध्यमंडल

22. बायोगैस के मुख्य घटक क्या हैं?

(a) मेथैन और सल्फर डाइऑक्साइड

(b) मेथैन और कार्बन डाइऑक्साइड

(c) मेथैन, हाइड्रोजन और नाइट्रिक ऑक्साइड

(d) मेथैन और नाइट्रिक ऑक्साइड

23. नीचे दिए गए चार भारतीय राज्यों में से किन दो राज्यों में, पंचायत चुनाव लड़ने का पात्र होने के लिए कुछ निश्चित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएँ होनी आवश्यक है?

1. पंजाब
2. हरियाणा
3. कर्नाटक
4. राजस्थान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1 और 2

(b) 2 और 4

(c) 2 और 3

(d) 1 और 4

24. 'प्रत्यायोजन' के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह जिम्मेदारी का परित्याग है।
2. इसका अर्थ एक निम्नतर प्राधिकारी द्वारा एक उच्चतर प्राधिकारी को निर्दिष्ट अधिकार दिया जाना है।
3. यह पर्यवेक्षण और पुनरीक्षण के अधीन है।
4. यह संगठन में प्राधिकार बाँटने का एक तरीका है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 3

(b) केवल 2 और 4

(c) 3 और 4

(d) 1, 2 और 4

25. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ ब्रिटिश संविधान से भारत के संविधान में ली गईं थीं?

1. कानून का शासन
2. विधि-निर्माण प्रक्रिया
3. न्यायपालिका की स्वतंत्रता
4. संसदीय व्यवस्था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2 और 4

21. Most ozone gas (about 90%) is located in the atmospheric layer of

(a) ionosphere

(b) troposphere

(c) stratosphere

(d) mesosphere

22. What are the main constituents of biogas?

(a) Methane and sulphur dioxide

(b) Methane and carbon dioxide

(c) Methane, hydrogen and nitric oxide

(d) Methane and nitric oxide

23. In which two Indian States of the four mentioned below, it is necessary to hold certain minimum educational qualifications to be eligible to contest Panchayat Elections?

1. Punjab
2. Haryana
3. Karnataka
4. Rajasthan

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2

(b) 2 and 4

(c) 2 and 3

(d) 1 and 4

24. Which of the following statements about 'delegation' is/are correct?

1. It is the abdication of responsibility.
2. It means conferring of specified authority by a lower authority to a higher one.
3. It is subject to supervision and review.
4. It is a method of dividing authority in the organization.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 3 only

(b) 2 and 4 only

(c) 3 and 4

(d) 1, 2 and 4

25. Which of the following features were borrowed by the Constitution of India from the British Constitution?

1. Rule of Law
2. Law-making Procedure
3. Independence of Judiciary
4. Parliamentary System

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2, 3 and 4

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2 and 4

26. भारत के संविधान की निम्नलिखित में से किस अनुसूची में प्रत्येक राज्य से निर्वाचित होने वाले राज्य सभा के सदस्यों की संख्या को निर्धारित किया गया है?

(a) पाँचवीं अनुसूची

(b) तीसरी अनुसूची

(c) छठी अनुसूची

(d) चौथी अनुसूची

27. वर्ष 2016–17 के लिए भारत की विभिन्न बागवानी फसलों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) पिछले वर्ष की तुलना में, बागवानी फसलों के तहत आने वाले क्षेत्र में वृद्धि हुई है।

(b) पिछले वर्ष की तुलना में, मौजूदा वर्ष में फलोत्पादन अधिक हुआ है।

(c) पिछले वर्ष की तुलना में, मौजूदा वर्ष में आलू उत्पादन के सापेक्ष प्याज उत्पादन में वृद्धि की दर अधिक है।

(d) टमाटर पैदा करने वाले प्रमुख राज्य मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात हैं।

28. किसी देश के 'जनसांख्यिकीय लाभांश' की घटना किससे संबंधित है?

(a) कुल जनसंख्या में तीव्र पतन (गिरावट)

(b) श्रमजीवी काल (कार्यकारी आयु) वाली जनसंख्या में वृद्धि

(c) शिशु मृत्यु दर में गिरावट

(d) स्त्री-पुरुष अनुपात में वृद्धि

29. निम्नलिखित घटनाओं को भारत में उनके घटने के सुसंगत क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. महालनोबिस मॉडल
2. योजना छुट्टी
3. आवर्ती योजना (रोलिंग प्लान)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2, 3

(b) 3, 2, 1

(c) 2, 3, 1

(d) 1, 3, 2

30. भारत में मौद्रिक नीति, निम्नलिखित साधनों में से किनका प्रयोग करती है?

1. बैंक दर
2. मुक्त बाजार संक्रियाएँ
3. सरकारी ऋण
4. लोक राजस्व

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

26. Which one of the following Schedules of the Constitution of India has fixed the number of Members of the Rajya Sabha to be elected from each State?

(a) Fifth Schedule

(b) Third Schedule

(c) Sixth Schedule

(d) Fourth Schedule

27. Which one of the following statements about various horticulture crops of India for the year 2016–17 is ***not*** correct?

(a) The area under horticulture crops has increased over previous year.

(b) Fruit production during the current year is higher than the previous year.

(c) Rate of increase in onion production is more than potato production in the current year in comparison to the previous year.

(d) The major tomato-growing States are Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Karnataka, Odisha and Gujarat.

28. The phenomenon of 'demographic dividend' of a country relates to

(a) a sharp decline in total population

(b) an increase in working age population

(c) a decline in infant mortality rate

(d) an increase in sex ratio

29. Arrange the following events in sequential order as they happened in India :

1. Mahalanobis Model
2. Plan Holiday
3. Rolling Plan

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2, 3

(b) 3, 2, 1

(c) 2, 3, 1

(d) 1, 3, 2

30. The monetary policy in India uses which of the following tools?

1. Bank rate
2. Open market operations
3. Public debt
4. Public revenue

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

31. मुद्रा-अवमूल्यन अधिक हितकारी होगा, यदि

(a) घरेलू सामान के मूल्य स्थिर रहें

(b) आयातकों के लिए निर्यात के मूल्य सस्ते हो जाएँ

(c) आयात के मूल्य स्थिर रहें

(d) निर्यात के मूल्य समानुपाती रूप से बढ़ें

निर्देश :

निम्नलिखित **पाँच (5)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

कूट :

(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

(c) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है

(d) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है

32. कथन I :

त्वचा कैंसर सामान्यतः पराबैंगनी विकिरण के कारण होता है।

कथन II :

स्ट्रैटोस्फियर पराबैंगनी विकिरण को सूर्य से पृथ्वी की ओर आने देती है।

33. कथन I :

गर्मी के मौसम में महाराष्ट्र के आंतरिक हिस्से में पर्याप्त वर्षा नहीं होती है।

कथन II :

महाराष्ट्र का आंतरिक भाग पश्चिमी घाट के वृष्टि छाया क्षेत्र में पड़ता है।

34. कथन I :

भूमंडलीय तापन का तात्पर्य है भूमंडलीय सतही तापमान में वृद्धि।

कथन II :

वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता का बढ़ना भूमंडलीय सतही तापमान में वृद्धि का कारण है।

35. कथन I :

साम्यवादियों ने 1931 में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काँग्रेस को छोड़ दिया था।

कथन II :

1928 तक साम्यवादियों ने मुख्य राष्ट्रीय आंदोलन के साथ आगे और कार्य करना बंद कर दिया था।

36. कथन I :

आरंभिक आर्य, जो अनिवार्यतः पशुचारी थे, ने ऐसी कोई राजनीतिक संरचना विकसित नहीं की थी जिसे प्राचीन अथवा आधुनिक अर्थ में राज्य के रूप में मापा जा सके।

कथन II :

राजतंत्र वैसा ही था जैसा कि जनजाति मुखियातंत्र; जनजाति मुखिया के लिए 'राजन' शब्द का प्रयोग होता था, जो मुख्यतः एक सेनापति था और जो अपने लोगों पर शासन करता था, किसी विशेष क्षेत्र पर नहीं।

31. Devaluation of currency will be more beneficial if prices of

(a) domestic goods remain constant

(b) exports become cheaper to importers

(c) imports remain constant

(d) exports rise proportionately

Directions **:**

The following **five (5)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. Examine these two statements carefully and select the correct answer using the code given below.

Code :

(a) Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

(b) Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

(c) Statement I is true but Statement II is false

(d) Statement I is false but Statement II is true

32. Statement I :

Skin cancer is generally caused by the ultraviolet radiation.

Statement II :

Stratosphere allows ultraviolet radiation to enter the earth from the sun.

33. Statement I :

The interior part of Maharashtra does not receive adequate rain in the summer season.

Statement II :

The interior part of Maharashtra lies in the rain shadow of the Western Ghats.

34. Statement I :

Global warming signifies the rise in global surface temperature.

Statement II :

The increase of concentration of greenhouse gases in the atmosphere causes the rise in global surface temperature.

35. Statement I :

The Communists left the All India Trade Union Congress in 1931.

Statement II :

By 1928, the Communists were no longer working with the mainstream national movement.

36. Statement I :

The early Aryans, who were essentially pastoral, did not develop any political structure which could measure up to a State in either ancient or modern sense.

Statement II :

Kingship was the same as tribal chiefship; the term *Rajan* being used for tribal chief who was primarily a military leader and who ruled over his people and not over any specified area.

37. निम्नलिखित में से कौन-सा किसान संघर्ष, ब्रिटिश अफीम नीति का परिणाम था?

(a) फुलागुरी धेवा (1861)

(b) बिरसाइत उलगुलान (1899–1900)

(c) पबना विद्रोह (1873)

(d) मराठा किसान विद्रोह (1875)

38. उत्तरकालीन मुगलकाल के सैयद बंधुओं के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

(a) वे जहंदर शाह को सत्ता में लाए।

(b) उन्होंने प्रशासन-शक्ति को नियंत्रित किया।

(c) उन्होंने सहिष्णुता की धार्मिक नीति अपनायी।

(d) उन्होंने राजा शाहू के साथ एक समझौता किया।

39. ईसा पूर्व छठी और चौथी सदी के बीच अशास्त्रीय (अपधर्मी) संप्रदाय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. पार्श्व द्वारा ईसा पूर्व सातवीं सदी में जैन विचारों का पहले से प्रसारण हो गया था।
2. यद्यपि बौद्ध धर्म, और एक लघु सीमा तक जैन धर्म, ने भौतिक जीवन में परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए रूढ़िवादिता के खिलाफ प्रतिक्रिया की, किन्तु इनमें से किसी ने भी जाति प्रथा को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया।
3. महावीर की प्रथम महिला शिष्य, एक बंदी गुलाम महिला बतायी जाती है।
4. बुद्ध ने यह समझा कि एक मठवासिनी भी एक मठवासी की तरह आध्यात्मिक मुक्ति पा सकती है और उन्होंने भिक्षुक वर्ग में उन्हें एक बराबरी का दर्जा प्रदान किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) केवल 3 और 4

40. फ्रांस की क्रांति के संबंध में वर्ष और घटना का निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही सुमेलित है?

(a) 1789 : नेपोलियनी कोड

(b) 1791 : टेनिस कोर्ट शपथ

(c) 1792 : नेशनल कन्वेन्शन

(d) 1804 : फ्रांस का नया संविधान

41. द *सोशल कॉन्ट्रैक्ट* पुस्तक का लेखक इनमें से कौन है?

(a) वॉल्टेयर

(b) हॉब्स

(c) लॉक

(d) रूसो

42. ज्ञानपीठ पुरस्कार, 2016 इनमें से किसे प्रदान किया गया है?

(a) शंख घोष

(b) रघुवीर चौधरी

(c) प्रतिभा राय

(d) रहमान राही

37. Which one of the following peasant struggles was an outcome of British opium policy?

(a) Phulaguri Dhawa (1861)

(b) Birsaite Ulgulan (1899–1900)

(c) Pabna Revolt (1873)

(d) Maratha Peasant Uprising (1875)

38. Which one of the following statements about the Sayyid brothers during the period of Later Mughals is ***not*** true?

(a) They brought Jahandar Shah to power.

(b) They wielded administrative power.

(c) They followed a tolerant religious policy.

(d) They reached an agreement with King Shahu.

39. Which of the following statements with regard to the heterodox sect between sixth and fourth century BC are correct?

1. The Jain ideas were already being circulated in the seventh century BC by Parshva.
2. Although Buddhism, and to a lesser extent Jainism, took account of the changes in material life and reacted against orthodoxy, neither of these sought to abolish the caste system.
3. The first female disciple of Mahavira is said to have been a captured slave woman.
4. Buddha held that nuns could attain spiritual liberation just like a monk and granted them an equal status in the mendicant order.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1, 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 3 and 4 only

40. Which one of the following combinations of year and event concerning the French Revolution is correctly matched?

(a) 1789 : Napoleonic Code

(b) 1791 : Tennis Court Oath

(c) 1792 : National Convention

(d) 1804 : New Constitution of France

41. Who among the following is the author of the book, *The Social Contract*?

(a) Voltaire

(b) Hobbes

(c) Locke

(d) Rousseau

42. Who among the following is the recipient of the Jnanpith Award, 2016?

(a) Shankha Ghosh

(b) Raghuveer Chaudhari

(c) Pratibha Ray

(d) Rehman Rahi

43. UNO द्वारा सहस्राब्दी विकास लक्ष्य (MDGs), 2015 के स्थान पर अपनाए गए धारणीय विकास लक्ष्य (SDGs) का उद्देश्य, किस वर्ष तक 17 लक्ष्य प्राप्त करना है?

(a) 2020

(b) 2030

(c) 2040

(d) 2050

44. एम० एस० सुब्बुलक्ष्मी शताब्दी पुरस्कार, 2016 की प्राप्तकर्ता तीजन बाई, किस विधा की प्रतिपादक हैं?

(a) कन्नड़ शास्त्रीय गायन

(b) कजरी नृत्य

(c) बिहु नृत्य

(d) पंडवानी, एक पारम्परिक प्रदर्शन कला

45. दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2016 इनमें से किसे प्रदान किया गया है?

(a) नाना पाटेकर

(b) मनोज कुमार

(c) जावेद अख्तर

(d) के० विश्वनाथ

46. वर्ष 2016 के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार किसे/किन्हें प्रदान किया गया था?

(a) डेविड जे० थोलेस

(b) एफ० डंकन एम० हाल्डेन

(c) जे० माइकल कोस्टरलिट्ज

(d) इनमें से सभी

47. इरोम शर्मिला ने मणिपुर में निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल की शुरुआत की थी?

(a) पीपुल्स रीसर्जेंस ऐंड जस्टिस एलायंस

(b) मणिपुर रेसिस्टेंस एलायंस

(c) ट्राइबल रेसिस्टेंस पार्टी

(d) रिवोल्यूशनरी पीपुल्स पार्टी

48. NASA द्वारा आरंभ किया गया कैसिनी मिशन, जो सितम्बर 2017 में समाप्त हुआ, द्वारा निम्नलिखित में से किस ग्रह की छान-बीन की गई?

(a) सूर्य

(b) वरुण

(c) शनि

(d) बृहस्पति

43. The Sustainable Development Goals (SDGs), which were adopted by the UNO in place of the Millennium Development Goals (MDGs), 2015, aim to achieve the 17 goals by the year

(a) 2020

(b) 2030

(c) 2040

(d) 2050

44. Teejan Bai, a recipient of the M. S. Subbulakshmi Centenary Award, 2016, is an exponent in

(a) Kannada classical vocal

(b) Kajari dance

(c) Bihu dance

(d) Pandavani, a traditional performing art

45. Who among the following is the recipient of the Dadasaheb Phalke Award, 2016?

(a) Nana Patekar

(b) Manoj Kumar

(c) Javed Akhtar

(d) K. Viswanath

46. The Nobel Prize in Physics for the year 2016 was given to

(a) David J. Thouless

(b) F. Duncan M. Haldane

(c) J. Michael Kosterlitz

(d) All of them

47. Which one of the following political parties was launched by Irom Sharmila in Manipur?

(a) People's Resurgence and Justice Alliance

(b) Manipur Resistance Alliance

(c) Tribal Resistance Party

(d) Revolutionary People's Party

48. Which one of the following planets was explored by Cassini Mission launched by NASA, which ended in September 2017?

(a) Sun

(b) Neptune

(c) Saturn

(d) Jupiter

49. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I [जलडमरूमध्य (स्ट्रेट)]	सूची–II (देश)
A. बॉस स्ट्रेट	1. UK तथा फ्रांस
B. डेविस स्ट्रेट	2. ऑस्ट्रेलिया तथा तस्मानिया
C. डोवर स्ट्रेट	3. USA तथा क्यूबा
D. फ्लोरिडा स्ट्रेट	4. कनाडा तथा ग्रीनलैंड

कूट :

(a)	A	B	C	D
	2	4	1	3
(b)	A	B	C	D
	2	1	4	3
(c)	A	B	C	D
	3	4	1	2
(d)	A	B	C	D
	3	1	4	2

50. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (दर्रा)	सूची–II (स्थान)
A. जोज़ि ला	1. हिमाचल प्रदेश
B. शिपकी ला	2. उत्तराखण्ड
C. लिपुलेख	3. जम्मू और कश्मीर
D. नाथू ला	4. सिक्किम

कूट :

(a)	A	B	C	D
	4	2	1	3
(b)	A	B	C	D
	4	1	2	3
(c)	A	B	C	D
	3	1	2	4
(d)	A	B	C	D
	3	2	1	4

51. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (प्रतिष्ठान)	सूची–II (उत्पाद)
A. TISCO	1. रसायन
B. BALCO	2. लोहा और इस्पात
C. BPCL	3. इलेक्ट्रॉनिक्स
D. BEL	4. ऐलुमिनियम

कूट :

(a)	A	B	C	D
	2	1	4	3
(b)	A	B	C	D
	2	4	1	3
(c)	A	B	C	D
	3	4	1	2
(d)	A	B	C	D
	3	1	4	2

52. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (राष्ट्रीय राजमार्ग)	सूची–II (मार्ग)
A. NH-2	1. दिल्ली–जयपुर–अहमदाबाद–मुम्बई
B. NH-4	2. ठाणे–पुणे–बेंगलुरु–चेन्नई
C. NH-7	3. दिल्ली–आगरा–इलाहाबाद–कोलकाता
D. NH-8	4. वाराणसी–जबलपुर–नागपुर–हैदराबाद–बेंगलुरु–मदुरई–कन्याकुमारी

कूट :

(a)	A	B	C	D
	3	4	2	1
(b)	A	B	C	D
	1	2	4	3
(c)	A	B	C	D
	1	4	2	3
(d)	A	B	C	D
	3	2	4	1

49. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Strait)	*List–II (Countries)*
A. Bass Strait	1. UK and France
B. Davis Strait	2. Australia and Tasmania
C. Dover Strait	3. USA and Cuba
D. Florida Strait	4. Canada and Greenland

Code :

	A	B	C	D
(a)	2	4	1	3
(b)	2	1	4	3
(c)	3	4	1	2
(d)	3	1	4	2

50. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Pass)	*List–II (Place)*
A. Zoji La	1. Himachal Pradesh
B. Shipki La	2. Uttarakhand
C. Lipulekh	3. Jammu and Kashmir
D. Nathu La	4. Sikkim

Code :

	A	B	C	D
(a)	4	2	1	3
(b)	4	1	2	3
(c)	3	1	2	4
(d)	3	2	1	4

51. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Concern)	*List–II (Product)*
A. TISCO	1. Chemicals
B. BALCO	2. Iron & Steel
C. BPCL	3. Electronics
D. BEL	4. Aluminium

Code :

	A	B	C	D
(a)	2	1	4	3
(b)	2	4	1	3
(c)	3	4	1	2
(d)	3	1	4	2

52. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (National Highway)	*List–II (Route)*
A. NH-2	1. Delhi–Jaipur–Ahmedabad–Mumbai
B. NH-4	2. Thane–Pune–Bengaluru–Chennai
C. NH-7	3. Delhi–Agra–Allahabad–Kolkata
D. NH-8	4. Varanasi–Jabalpur–Nagpur–Hyderabad–Bengaluru–Madurai–Kanyakumari

Code :

	A	B	C	D
(a)	3	4	2	1
(b)	1	2	4	3
(c)	1	4	2	3
(d)	3	2	4	1

53. एक कार्बन क्रेडिट को किसके तुल्य माना जाता है?

(a) 100 kg कार्बन

(b) 100 kg कार्बन डाइऑक्साइड

(c) 1000 kg कार्बन

(d) 1000 kg कार्बन डाइऑक्साइड

54. पायस (इमल्शन) किससे मिलकर बना होता है?

(a) एक द्रव और एक ठोस

(b) एक द्रव और एक गैस

(c) दो द्रव

(d) दो ठोस

55. निम्नलिखित में से कौन-सा/से रेडियोऐक्टिव पदार्थ मानव शरीर में भोजन शृंखला के माध्यम से प्रवेश करता है/करते हैं और कई शरीरक्रियात्मक विकार उत्पन्न करता है/करते हैं?

(a) स्ट्रॉन्शियम-90

(b) आयोडीन-131

(c) सीजियम-137

(d) उपर्युक्त सभी

56. 'जेरिस्केपिंग (Xeriscaping)' किससे/किनसे संबंधित संकल्पना है?

(a) जल बचाव से संबंधित भूसुदर्शनीकरण

(b) मृदा अपरदन रोकने से संबंधित भूसुदर्शनीकरण

(c) शैल पृष्ठ का अपक्षय

(d) उपर्युक्त सभी

57. निम्न तापमान प्राप्त करने के लिए जूल-थॉमसन प्रक्रम अत्यधिक उपयोगी तथा मितव्ययी है। यह प्रक्रम किस श्रेणी में आता है?

(a) समदाबी प्रक्रम

(b) आइसोएन्थैल्पिक प्रक्रम

(c) रुद्धोष्म प्रक्रम

(d) सम-आयतनिक प्रक्रम

58. पराश्रव्य तरंगें उत्पन्न करने के लिए किसे प्रयुक्त किया जाता है?

(a) लोह-चुम्बकीय पदार्थ

(b) लघु लोह-चुम्बकीय पदार्थ

(c) दाब-विद्युत् पदार्थ

(d) ताप-विद्युत् पदार्थ

53. One carbon credit is accepted as equivalent to

(a) 100 kg of carbon

(b) 100 kg of carbon dioxide

(c) 1000 kg of carbon

(d) 1000 kg of carbon dioxide

54. An emulsion consists of

(a) one liquid and one solid

(b) one liquid and one gas

(c) two liquids

(d) two solids

55. Which of the following radioactive substances enters/enter the human body through food chain and causes/cause many physiological disorders?

(a) Strontium-90

(b) Iodine-131

(c) Cesium-137

(d) All of the above

56. 'Xeriscaping' is a concept related to

(a) landscaping related to save water

(b) landscaping related to save soil erosion

(c) weathering of rock surface

(d) All of the above

57. Joule-Thomson process is extremely useful and economical for attaining low temperature. The process can be categorized as

(a) isobaric process

(b) isoenthalpic process

(c) adiabatic process

(d) isochoric process

58. Ultrasonic waves are produced by making use of

(a) ferromagnetic material

(b) ferrimagnetic material

(c) piezoelectric material

(d) pyroelectric material

59. एक व्यक्ति एक पिंड को किसी क्षैतिज घर्षणरहित समतल पृष्ठ पर फेंकता है। यह देखा गया है कि इस पिंड पर दो बल कार्य करते हैं—*(i)* गुरुत्वीय कर्षण और *(ii)* पृष्ठ की अभिलम्ब प्रतिक्रिया। गति के तीसरे नियम के अनुसार, नेट परिणामी बल शून्य है। निम्नलिखित में से कौन-सा, पिंड की गति के लिए कहा जा सकता है?

(a) पिंड, त्वरण के साथ चलेगा।

(b) पिंड, मंदन के साथ चलेगा।

(c) पिंड स्थिर चाल से चलेगा, किन्तु दिशा बदलते हुए।

(d) पिंड स्थिर वेग से चलेगा।

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नाभिकीय बमों में अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा निकालने के लिए शृंखला अभिक्रिया प्रक्रम का प्रयोग होता है, परंतु नाभिकीय रिऐक्टरों में कोई शृंखला अभिक्रिया नहीं होती।
2. नाभिकीय रिऐक्टर में अभिक्रिया नियंत्रित होती है, जबकि नाभिकीय बमों में अभिक्रिया अनियंत्रित होती है।
3. नाभिकीय रिऐक्टर में सभी प्रचालन रिऐक्टर 'क्रांतिक' हैं, जबकि नाभिकीय बम के विषय में 'क्रांतिकता' का कोई प्रश्न नहीं है।
4. नाभिकीय रिऐक्टरों में विमंदकों का प्रयोग नहीं होता है, जबकि नाभिकीय बमों में इनका प्रयोग होता है।

एक नाभिकीय रिऐक्टर तथा एक नाभिकीय बम के संक्रियात्मक सिद्धांतों के विषय में उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) 1 और 3

(b) 2 और 3

(c) केवल 4

(d) 1 और 4

61. स्वास्थ्यकर भोजन लेने वाले एक स्वस्थ मनुष्य का मूत्र जब फर्श पर गिरता है, तो इससे होने वाली दुर्गंध मुख्यतः निम्नलिखित में से किसके जीवाण्विक अपघटन के कारण होती है?

(a) यूरिया का सल्फर डाइऑक्साइड में

(b) शर्करा का कार्बन डाइऑक्साइड में

(c) लिपिड का मेथैन में

(d) यूरिया का अमोनिया में

62. समुद्री जल का विलवणीकरण, उत्क्रमित परासरण के प्रयोग द्वारा किया जाता है। विलयन पर प्रयुक्त दाब होता है

(a) परासरणी दाब से अधिक

(b) परासरणी दाब से कम

(c) परासरणी दाब के बराबर

(d) वायुमंडलीय दाब के बराबर

63. निम्नलिखित में से किस बहुलक में ग्लूकोज़ एकक **नहीं** होते हैं?

(a) ग्लाइकोजन

(b) स्टार्च

(c) सेलुलोज़

(d) रबर

64. ताजे घावों के लिए आयोडीन का टिंक्चर एक पूतिरोधी (ऐन्टिसेप्टिक) है। यह तात्त्विक आयोडीन का एक तनु विलयन है, जिसमें **नहीं** होता है

(a) जल

(b) ऐसीटोन

(c) ऐल्कोहॉल

(d) पोटैशियम आयोडाइड

59. A person throws an object on a horizontal frictionless plane surface. It is noticed that there are two forces acting on this object—*(i)* gravitational pull and *(ii)* normal reaction of the surface. According to the third law of motion, the net resultant force is zero. Which one of the following can be said for the motion of the object?

(a) The object will move with acceleration.

(b) The object will move with deceleration.

(c) The object will move with constant speed, but varying direction.

(d) The object will move with constant velocity.

60. Consider the following statements :

1. The chain reaction process is used in nuclear bombs to release a vast amount of energy, but in nuclear reactors, there is no chain reaction.
2. In a nuclear reactor, the reaction is controlled, while in nuclear bombs, the reaction is uncontrolled.
3. In a nuclear reactor, all operating reactors are 'critical', while there is no question of 'criticality' in case of a nuclear bomb.
4. Nuclear reactors do not use moderators, while nuclear bombs use them.

Which of the above statements about operational principles of a nuclear reactor and a nuclear bomb is/are correct?

(a) 1 and 3

(b) 2 and 3

(c) 4 only

(d) 1 and 4

61. The foul smell of urine of a healthy man having healthy food, when spilled on floor, is mainly due to the bacterial decomposition of

(a) urea into sulphur dioxide

(b) sugar into carbon dioxide

(c) lipids into methane

(d) urea into ammonia

62. Desalination of seawater is done by using reverse osmosis. The pressure applied to the solution is

(a) larger than osmotic pressure

(b) smaller than osmotic pressure

(c) equal to osmotic pressure

(d) equal to atmospheric pressure

63. Which one of the following polymers ***does not*** contain glucose units?

(a) Glycogen

(b) Starch

(c) Cellulose

(d) Rubber

64. Tincture of iodine is an antiseptic for fresh wounds. It is a dilute solution of elemental iodine, which ***does not*** contain

(a) water

(b) acetone

(c) alcohol

(d) potassium iodide

65. भारत के संविधान में गारंटित मूल अधिकार निलंबित किए जा सकते हैं, केवल

(a) राष्ट्रीय आपात उद्घोषणा द्वारा

(b) संसद द्वारा पारित अधिनियम द्वारा

(c) भारत के संविधान में संशोधन द्वारा

(d) उच्चतम न्यायालय के न्यायिक निर्णयों द्वारा

66. 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इससे, सभी राज्यों के लिए यह अधिदेशात्मक हो जाता है कि वे शासन की तीन-स्तरीय प्रणाली (व्यवस्था) को स्थापित करें।
2. प्रतिनिधि पाँच वर्ष के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचित होने चाहिए।
3. सभी पंचायतों में सभी स्तरों पर कुल सीटों की एक-तिहाई सीटों का महिलाओं के लिए अनिवार्य आरक्षण होना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

67. निम्नलिखित विधेयकों में से किसे/किन्हें पारित करने के लिए संसद के दोनों सदनों के बीच गतिरोध को सुलझाने हेतु संसद की एक संयुक्त बैठक की सहायता ली जाती है?

1. धन विधेयक
2. सांविधानिक संशोधन विधेयक
3. साधारण विधेयक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

68. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व, भारत में सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए हैं।
2. भारत के संविधान के भाग III में प्रतिष्ठापित मूल अधिकार आमतौर पर यथोचित निर्बंधनों के अधीन हैं।
3. धर्मनिरपेक्षता, किसी भी देश के संविधान की मूल विशेषताओं में से एक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

65. The Fundamental Rights guaranteed in the Constitution of India can be suspended only by

(a) a proclamation of National Emergency

(b) an Act passed by the Parliament

(c) an amendment to the Constitution of India

(d) the judicial decisions of the Supreme Court

66. Which of the following statements about the 73rd and 74th Constitution Amendment Act is/are correct?

1. It makes it mandatory for all States to establish a three-tier system of Government.
2. Representatives should be directly elected for five years.
3. There should be mandatory reservation of one-third of all seats in all Panchayats at all levels for women.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 only

67. A Joint Sitting of the Parliament is resorted to, for resolving the deadlock between two Houses of the Parliament for passing which of the following Bills?

1. Money Bill
2. Constitutional Amendment Bill
3. Ordinary Bill

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

68. Which of the following statements is/are correct?

1. The Directive Principles of State Policy are meant for promoting social and economic democracy in India.
2. The Fundamental Rights enshrined in Part III of the Constitution of India are ordinarily subject to reasonable restrictions.
3. Secularism is one of the basic features of Constitution of any country.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

69. भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। यह निर्वाचक मंडल निम्नलिखित में से किनके निर्वाचित सदस्यों से मिलकर बना होता है?

1. संसद के दोनों सदन
2. राज्यों की विधान सभा
3. राज्यों की विधान परिषद्
4. NCT दिल्ली तथा पुदुचेरी की विधान सभा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) 1, 2 और 4

(d) 3 और 4

70. भारत के संविधान के उपबंधों के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सरकारी शिक्षा संस्थानों में उनके दाखिले के संबंध में राज्य एक विशेष उपबंध बना सकता है।
2. राज्य द्वारा सहायता प्राप्त निजी शिक्षा संस्थानों में उनके दाखिले के संबंध में राज्य एक विशेष उपबंध बना सकता है।
3. राज्य द्वारा सहायता नहीं प्राप्त करने वाले निजी शिक्षा संस्थानों में उनके दाखिले के संबंध में राज्य एक विशेष उपबंध बना सकता है।
4. अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों में उनके दाखिले के संबंध में राज्य एक विशेष उपबंध बना सकता है, जैसा कि अनुच्छेद 30 में वर्णित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4
